भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16. महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

वेबसाइट :www.bsgindia.org ईमेल आईडी :info@bsgindia.org दूरभाष :+91-11-23370724 . 23378667

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 44 / 2020

दिनांक : 14 अप्रैल, 2020

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

विषय :-भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोविड-19 योद्धाओं को मान्यता।

महोदय/महोदया,

आपको यह अवगत कराते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आन्दोलन के हमारे स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं वयस्क नेता राज्य / जिला / स्थानीय प्रशासन और एजेंसियों को कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में जमीनी स्तर पर अपनी महत्वपूर्ण सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। हमारे संगठन द्वारा की गई सेवाओं को प्रशासन, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया और अन्य लोगों द्वारा अत्याधिक सराहा गया है।

यह निर्णय लिया गया है कि इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान कोविड-19 योद्धाओं के रुप में अपनी बहुमूल्य सेवाओं का प्रतिपादन करने वाले भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों को प्रेरित करने तथा प्रोत्साहित करने हेतु राष्ट्रीय मुख्यालय हमारे स्वयंसेवकों के उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ उनके द्वारा किये जा रहे बलिदान एवं उत्कृष्ठ सेवाओं को मान्यता प्रदान करेगा।

उपरोक्त संबंध में राज्य संघों से अनुरोध है कि ऐसे स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं वयस्क नोताओं के नाम उनके संपर्क विवरण, कार्य को प्रमाणित करने वाली तस्वीरें एक प्रतिवेदन सहित राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली को प्रेषित करने की कृपा करें। कोविड-19 से निपटने हेतु 23 मार्च 2020 के बाद किये गये कार्य के विवरण को माना जायेगा । इसे info@bsgindia.org पर ई-मेल कर इसकी एक प्रति youthcoordinatorbsg@gmail.com पर भेजें।

''संकलप'' परियोजना में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु पुरुस्कार को अलग से मान्यता दीजायेगी जिसके संदर्भ में राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र क्रमांक 41/2020 दिनांक 03 अप्रैल 2020 पहले से ही निर्गत किया जा चुका है।

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि :-

01- समस्तराष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।

02- अध्यक्ष / सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।

03- आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18, इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत शिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016।

04- आयुक्त , नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी-15, सेक्टर-62, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201309।

05- समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथ क्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।